पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शुक्रवार 13 दिसंबर, 2019





विस स्पीकर प्रेमचंद अग्रवाल विभिन्न समितियों के अध्यक्षों की बैठक लेते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### दो शातिर चोर खुखरी सहित गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। राजपुर पुलिस की सर्तकता के चलते चोरी की फिराक में घूम रहे दो शातिरों को पुलिस ने देर रात धारदार हथियार व स्कूटी सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पूर्व में भी चोरी की घटना को अंजाम दे चुके थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार चीता गश्ती दल को सड़क किनारे दो लड़के एक स्कूटी पर बैठे दिखायी दिये। इस पर उनसे पूछताछ की गयी तो वह स्कूटी स्टार्ट कर भागने का प्रयास करने लगे। इस पर उन्हे घेर कर रोका गया। तलाशी पर इनके कब्जे से एक एक अदद खुकरी बरामद हुई।

### सूचना अधिकार अधिनियम का प्रशिक्षण 18 को

**संवाददाता** देहरादून। उप सचिव उत्तराखण्ड सूचना आयोग शालिनी नेगी ने अवगत कराया है कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 का प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तराखण्ड सूचना आयोग के सभागार कक्ष में 18 दिसम्बर को प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 02 बजे के मध्य किया जा रहा है। उन्होंने जनपद मुख्यालय के विभिन्न विभागों, कार्यालयों में नामित लोक सूचना अधिकारियों एवं विभागीय अपीलीय अधिकारियों से अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने का अपेक्षा की है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को

**संवाददाता** देहरादून। सचिव सिविल जज (सी0डि0) जिला विधिक सेवा प्राधिकारण देहरादून नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जनपद के समस्त न्यायालयों में समनिय मुकदमों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

# कुम्भ में भीड़ प्रबंधन बड़ी चुनौती होगी: मुख्यमंत्री

**बैठक**

सीएम ने ली महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर अधिकारियों व संतों की बैठक

भीड़ प्रबंधन में संत समाज एवं अखाड़ा परिषद का सहयोग जरूरी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने 2021 में हरिद्वार में होने वाले महाकुम्भ को भव्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, अखाड़ा परिषदों के संतों, शासन व कुम्भ मेला के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 2021 महाकुम्भ शांतिपूर्ण एवं दुर्घटना रहित हो इसके लिए सभी तैयारियां कर ली जाय। कुम्भ में भीड़ प्रबंधन बड़ी चुनौती होगी। भीड़ प्रबंधन में संत समाज एवं अखाड़ा परिषद का सहयोग जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसके लिए रूट चार्ट एवं पार्किंग स्थलों की सुनियोजित प्लानिंग की जाय। उन्होंने संत समाज से आग्रह किया कि शाही स्नानों की तिथि समय पर निध ारित की जाय, ताकि उस हिसाब से आगे की व्यवस्थाएं हो सके। मेला क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण को चिन्हित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।


हरिद्वार महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर सीएम अधिकारियों व संतों की बैठक लेते हुए।

हरिद्वार महाकुम्भ 2021, दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक व आध्यात्मिक मेला होगा। वैश्विक स्तर के इस मेले में दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालु आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी कुम्भ मेले की ऐसी व्यवस्थायें होनी चाहिए ताकि यह आयोजन भविष्य के आयोजनों के लिये मिसाल बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार को जोड़ने वाली सभी सडकों एवं पुलों के निर्माण में तेजी लाई जाय। इसके लिये दो या तीन शिफ्ट में कार्य करने की प्रक्रिया अपनायी जाय। उन्होंने कहा कि कुम्भ की व्यवस्थाओं के लिये जो भी जरूरत होगी वह उपलब्ध करायी जायेगी। सभी अधिकारी तालमेल से कार्य करें।

शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि संत समाज के सहयोग से भव्य एवं दिव्य कुम्भ का आयोजन किया जायेगा। आखाड़ा परिषदों को मूलभूत सुविध ााएं उपलब्ध कराने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे। सभी के सामूहिक प्रयासों से कुम्भ मेला सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जायेगा। देश व दुनिया के श्रद्वालुओं को कुम्भ में बेहतर व्यवस्थायें उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

अखाड़ा परिषद् के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि ने कहा कि शांतिपूर्ण कुम्भ मेला सम्पन्न कराने के लिए राज्य सरकार को पूरा सहयोग दिया जायेगा। शाही स्नानों की तिथि जल्द घोषित की जायेगी। अखाड़ा परिषद् के महामंत्री महंत हरिगिरि ने कहा कि कुम्भ मेले के भव्य आयोजन के लिए सबको निस्वार्थ भाव से कार्य करना होगा। बैरागी कैम्प से अतिक्रमण हटाना जरूरी है। कुम्भ भारतीय संस्कृति का दर्पण है, इसके लिए पहले से ही सुनियोजित कार्ययोजना का होना जरूरी है।

### जिलाधिकारी ने रेन बसेरे का स्थलीय निरीक्षण किया

**संवाददाता** देहरादून। डीएम सी रविशंकर द्वारा मुख्य डाकघर देहरादून (जीपीओ) के पीछे स्थित दून शेल्टर होम तथा चुना भट्टा स्थित रेन बसेरे का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने दून शेल्टर होम में साफ– सफाई और लोगों के रहन सहन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं से प्रसन्नता व्यक्त की तथा लोगों से सुविध ााओं के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त की। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने चुना भट्टा स्थित रेन बसेरे का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चूना भट्टा रेन बसेरे मैं भवन के दरवाजे और खिड़कियां टूटी हुई पाई गई, टंकी से पानी लीकेज होता पाया गया, साथ ही शौचालय और बाथरूम में विद्युत व्यवस्था खराब पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम को 3 दिन के भीतर चुना भट्टी स्थित रैन बसेरे में विद्युत सप्लाई ठीक करने, टंकी की लीकेज में सुधार करने और टूटे हुए दरवाजे और खिड़कियां ठीक करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रेन बसेरे के मुख्य द्वार के ऊपर टंगे बोर्ड में मोटे और स्पष्ट अक्षरों में षनिशुल्क आश्रय (होम शेल्टर) लिखने के भी निर्देश दिए।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका कार्यालय में किया धरना-प्रदर्शन

**संवाददाता** विकासनगर। शहर कांग्रेस कमेटी विकासनगर ने नगर पालिका परिषद विकासनगर के कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर जन समस्याओं के समाधान की मांग की। धरने में उपस्थित कांग्रेस के नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग और निर्वाचित जनप्रतिनिधि सिर्फ ऐशो आराम में लगे हुए हैं और फिजूल कार्यों में पैसा खर्च कर रहे हैं। जनता की समस्याएं बहुत ज्यादा हैं, जनता की समस्याओं की तरफ इन नेताओं का ध्यान नहीं है। धरने को अपने संबोधन में कुछ नेताओं ने विशेष रूप से चेयरमैन द्वारा महंगे किराए पर ली गई मराजो गाड़ी को भी निशाने पर लिया।

# मुख्यमंत्री ने किया दून हाट का शुभारंभ

**शुभारम्भ**

■ दून हाट प्रदेश में संस्कृति ग्राम की परिकल्पना को साकार करने में मददगार होगा: सीएम

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को आईटी पार्क सहस्त्रधारा में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा स्थानीय उत्पादों के साथ–साथ हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन प्रोत्साहन हेतु दून हाट का शुभारम्भ किया, उन्होंने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से निर्मित दून हाट दिल्ली हाट की तर्ज पर एक ऐसे स्थान के रूप में विकसित होगा जहाँ देश–विदेश के पर्यटकों को राज्य के स्थानीय उत्पादों के साथ–साथ संस्कृति, कला एवं विशिष्टताओं से परिचित होने का अवसर मिलेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि दून हाट की स्थापना से राज्य की परंपरागत विधा को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। दून हाट प्रदेश में संस्कृति ग्राम की परिकल्पना को साकार करने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटक उत्तराखण्ड की खघसियत तथा उत्पादों के बारे में सवाल करते हैं, इस हाट की स्थापना से उन्हें स्थानीय उत्पादों की उपलब्धता एक ही स्थान पर हो सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अन्य और स्थानों पर हाट की स्थापना से हमारे परंपरागत शिल्प एवं उत्पादों को बेहतर साधन एवं स्थान उपलब्ध होने के साथ ही हमारे शिल्पियों को भी पहचान मिलेगी। उन्होंने इस प्रकार के प्रयोगों के लिए राजस्थान में स्थापित शिल्प ग्राम का भी उदाहरण दिया।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel


### राज्य वित्त समिति की बैठक में 76.90 करोड़ लागत के तीन प्रस्तावों को स्वीकृति मिली

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में राज्य वित्त समिति की बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों में 76.90 करोड़ लागत के तीन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गयी। स्वीकृत प्रस्तावों में महाकुम्भ मेला 2021 हेतु इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर लागत 49.61 करोड़ का प्रस्ताव शामिल है। परियोजना की कार्यदायी संस्था स्मार्ट सिटी देहरादून एवं प्रशासनिक विभाग शहरी विकास है। इसी के साथ कम्पनी एक्ट के अनुसार 0.2 प्रतिशत देय धनराशि भी कार्यदायी संस्था के पक्ष में स्वीकृत की गयी।

स्वीकृत एक अन्य परियोजना 29.30 करोड़ लागत के जिला करागार पिथौरागढ़ की है। यह प्रोजेक्ट उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा निर्माण किया जायेगा।

### सभापतियों की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने विधानसभा परिसर, देहरादून में विधानसभा की विभिन्न समितियों के सभापतियों की बैठक की।


**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।